केन्द्रीय विद्यालय एसईसीएल चिरमिरी

साक्षात्कार (Walk-In-Interview)

केंद्रीय विद्यालय चिरमिरी में सत्र 2026-27 हेतु विभिन्न पदों पर संविदा/अंशकालिक (Part-Time Contractual) आधार पर नियुक्ति के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों, उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियों तथा दो नवीनतम पासपोर्ट आकार के छायाचित्रों सहित निर्धारित तिथि एवं समय पर विद्यालय परिसर में उपस्थित हों।

क्रं	पदों का विवरण	साक्षात्कार का तिथि एवं समय	पता
1.	**स्नातकोत्तर शिक्षक** (PGT) – हिन्दी, अंग्रेजी, भौतिक-शास्त्र, रसायन-शास्त्र, जीव-विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, वाणिज्य, गणित, अर्थशास्त्र	**दिनांक 19.03.2026 प्रातः 10:00 बजे दिन – गुरुवार**	**केन्द्रीय विद्यालय चिरमिरी, पोस्ट – सोनावनी, डोमनहिल, चिरमिरी, जिला: मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग), पिन – 497557**
2.	**प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक** (TGT) - हिन्दी, अंग्रेज़ी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं संस्कृत		**गूगल फॉर्म लिंक:** https://forms.gle/ikfnChMET9PSZYUL7
3.	**प्राथमिक शिक्षक** (PRT)		
4.	**अन्य - खेलकूद प्रशिक्षक, योगा अनुदेशक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) शिक्षक, कंप्यूटर अनुदेशक, विशिष्ट शिक्षक** (Special Educator)**, नर्स, डांस कोच, काउंसलर**		
पंजीकरण - आवेदन ऑफलाइन माध्यम से केंद्रीय विद्यालय, एसईसीएल चिरमिरी में किसी भी कार्यदिवस पर तथा ऑनलाइन माध्यम से गूगल फॉर्म के द्वारा किया जा सकता है। **पंजीकरण अवधि: 10.03.2026 से 18.03.2026 तक**			

महत्वपूर्ण निर्देश:

1. साक्षात्कार में भाग लेने हेतु कोई भी यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
2. वेतन केंद्रीय विद्यालय संगठन (KVS) के नियमानुसार देय होगा। पदों की शैक्षणिक योग्यताओं एवं अन्य जानकारी के लिए विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https://seclchirimiri.kvs.ac.in देखें।
3. सभी पद संविदा/अंशकालिक (Part-Time Contractual) आधार पर हैं, अतः नियमित नियुक्ति हेतु कोई दावा मान्य नहीं होगा।
4. हिन्दी एवं अंग्रेज़ी दोनों माध्यमों में पढ़ाने की योग्यता तथा कंप्यूटर संचालन का कार्यसाधक ज्ञान आवश्यक है।
5. अभ्यर्थियों का चयन न्यूनतम योग्यताओं की पूर्ति, साक्षात्कार में प्रदर्शन तथा के.वि.सं. (KVS) की अद्यतन मार्गदर्शिका के अनुसार किया जाएगा। विस्तृत जानकारी हेतु www.kvsangathan.nic.in का अवलोकन करें।
6. साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों का प्रातः 08:00 बजे से 10:00 बजे तक ही पंजीकरण किया जाएगा। निर्धारित समय के बाद आने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
7. यदि अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होती है, तो विद्यालय द्वारा लिखित परीक्षा आयोजित की जा सकती है।

प्राचार्य